SNBP International & Senior Secondary School, Chikhali, Pune.
Affiliation No. 1130703
Academic session 2024-25
REVISION WORKSHEET PT -3

NAME:______________ SUBJECT: HINDI
CLASS 7 DIV :______ L. वसंत और व्याकरण

Prepared By: Suman Yadav Given date -
Prepared date – 10/12/2023

---

**प्रश्न १)अपठित गद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए |**

मानव जाति को अन्य जीवधारियों से अलग करके महत्त्व प्रदान करने वाला जो एकमात्र गुरु है, वह है उसकी विचार-शक्ति। मनुष्य के पास बुधि है, विवेक है, तर्कशक्ति है अर्थात उसके पास विचारों की अमूल्य पूँजी है। अपने सविचारों की नींव पर ही आज मानव ने अपनी श्रेष्ठता की स्थापना की है और मानव-सभ्यता का विशाल महल खड़ा किया है। यही कारण है कि विचारशील मनुष्य के पास जब सविचारों का अभाव रहता है तो उसका वह शून्य मानस कुविचारों से ग्रस्त होकर एक प्रकार से शैतान के वशीभूत हो जाता है। मानवी बुधि जब सद्भावों से प्रेरित होकर कल्याणकारी योजनाओं में प्रवृत्त रहती है तो उसकी सदाशयता का कोई अंत नहीं होता, किंतु जब वहाँ कुविचार अपना घर बना लेते हैं तो उसकी पाशविक प्रवृत्तियाँ उस पर हावी हो उठती हैं। हिंसा और पापाचार का दानवी साम्राज्य इस बात का द्योतक है कि मानव की विचार-शक्ति, जो उसे पशु बनने से रोकती है, उसका साथ देती है।

प्रश्न

(१.) मानव जाति को महत्त्व देने में किसका योगदान है?
(क) शारीरिक शक्ति का (ख) परिश्रम और उत्साह का
(ग) विवेक और विचारों का (घ) मानव सभ्यता का

(२.) विचारों की पूँजी में शामिल नहीं है
(क) उत्साह (ख) विवेक
(ग) तर्क (घ) बुधि

(३.) मानव में पाशविक प्रवृत्तियाँ क्यों जागृत होती हैं?
(क) हिंसाबुधि के कारण (ख) असत्य बोलने के कारण
(ग) कुविचारों के कार (घ) स्वार्थ के कारण

(४.) "मनुष्य के पास बुधि है, विवेक है, तर्कशक्ति है' रचना की दृष्टि से उपर्युक्त वाक्य है
(क) सरल (ख) संयुक्त
(ग) मिश्र (घ) जटिल

(५.) गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक हो सकता है
(क) मनुष्य का गुरु (ख) विवेक शक्ति
(ग) दानवी शक्ति (घ) पाशविक प्रवृत्ति

**प्रश्न२ निम्नलिखित प्रश्नों के सही उत्तर लिखिए |**

(१) देखो '<u>कौन</u>' आया है? रेखांकित सर्वनाम का प्रकार बताइए।
(क) निश्चयवाचक (ख) अनिश्चयवाचक
(ग) प्रश्नवाचक (घ) संबंधवाचक

२.मोहन का <u>कुछ</u> खो गया। वाक्य में रेखांकित सर्वनाम का प्रकार बताइए
(क) निश्चयवाचक (ख) अनिश्चयवाचक
(ग) संबंधवाचक (घ) पुरुषवाचक

३.जो संज्ञा या सर्वनाम के गुण-दोष, रंग-रूप के बारे में बताते हैं, वे कहलाते हैं
(क) परिमाणवाचक (ख) संख्यावाचक
(ग) गुणवाचक (घ)सार्वनामिक विशेषण

४. विशेषण शब्द जिन शब्दों की विशेषता बताते हैं उन्हें कहते हैं
क) विशेषण (ख) विशेष्य
(ग) प्रविशेषण (घ)संज्ञा

५. 'कर्ता' कहलाता है—
(क) काम का होना (ख) क्रिया का मूल रूप
(ग) काम करने वाला (घ) अलग होना

**प्रश्न३ पठित गद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए |**

स्थानीय व्यंजनों को हमने तथाकथित आधुनिकता के चलते छोड़ दिया है और पश्चिम की नकल में बहुत सी ऐसी चीज़े अपना ली हैं , जो स्वाद , स्वास्थ्य और सरसता के मामले में हमारे बहुत अनुकूल नहीं हैं।
हो यह भी रहा है कि खानपान की मिश्रित संस्कृति में हम कई बार चीज़ो का असली और अलग स्वाद नहीं ले पा रहे। अकसर प्रीतिभोजों और पार्टियों में एक साथ ढेरों चीज़े रख दी जाती हैं और उनका स्वाद गड्डमड्ड होता रहता है। खानपान की मिश्रित या विविध संस्कृति हमें कुछ चीज़े चुनने का अवसर देती है ।

१. हमने स्थानीय व्यंजनों को किसके चलते छोड़ दिया है?
(क) आधुनिकता (ख) एथनिक
(ग) संस्कृति (घ) फ़ास्ट फ़ूड

२. 'गड्डमड्ड' शब्द का अर्थ ___ है?
(क) मिली-जुली (ख) बेमेल
(ग) बिना किसी क्रम के (घ) उपर्युक्त सभी

३. खानपान की मिश्रित संस्कृति ने हमें किस चीज का मौका दिया है?
(क) नये – नये व्यंजन चुनने का (ख) अलग स्वाद चखने का
(ग) अलग-अलग जगहों के व्यंजनों के बारे में जानने का (घ) उपर्युक्त सभी

४. अनुकूल का विलोम शब्द क्या है ?
(क) आधुनिक (ख) सामान्य
(ग) प्रतिकूल (घ) उपर्युक्त सभी

**प्रश्न ४.निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए -**

घमंडों में भरा ऐंठा हुआ ,
एक दिन जब था मुंडेर पर खड़ा।
आ अचानक दूर से उड़ता हुआ ,
एक तिनका आँख में मेरी पड़ा।

प्रश्न १.  उपर्युक्त पद्यांश के पाठ का नाम बताएं।
(क) एक तिनका (ख) कठपुतली
(ग) चिड़िया की बच्ची (घ) नीलकंठ

प्रश्न २. . कवि कहाँ खड़ा था?
(क) जमीन पर (ख) मुंडेर पर
(ग) पहाड़ पर (घ) इनमें से कोई नहीं

प्रश्न३. कवि मुंडेर पर कैसे खड़ा था?
(क) उदास (ख) खुशी से
(ग) प्रेम से (घ) घमंड से
प्रश्न ४. अचानक कवि के आँख में क्या पड़ गया ?
(क) धूल (ख) पानी
(ग) तिनका (घ) मिट्टी

**प्रश्न५. निम्नलिखित  प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में  लिखिए -**
क) उत्तर भारत में किस बात में बदलाव आया है?
(ख) आजकल बड़े शहरों में किसका प्रचलन बढ़ गया है ?
(ग) लेखिका को नीलकंठ की कौन-कौन सी चेष्टाएँ बहुत भाती थीं?
**प्रश्न६. निम्नलिखित में से किन्ही तीन  प्रश्नों के उत्तर २ -३ वाक्यों में  लिखिए -**
**क) आशय स्पष्ट कीजिए -**

आ अचानक दूर से उड़ता हुआ ,
एक तिनका आँख में मेरी पड़ा।

(क) आँख में तिनका पड़ने के बाद घमंडी की क्या दशा हुई ?
(ख) घमंडी की आँख से तिनका निकालने के लिए उसके आसपास लोगों ने क्या किया?
(ग) खानपान संस्कृति का 'राष्ट्रीय एकता' में क्या योगदान है?
घ)  स्थानीय व्यंजनों का पुनरुद्धार क्यों ज़रूरी है?

**प्रश्न७.निम्नलिखित  में से किन्ही दो   प्रश्नों के उत्तर ४  -५  वाक्यों में लिखिए -**
(क) इस आनंदोत्सव की रागिनी में बेमेल स्वर कैसे बज उठा-वाक्य किस घटना की ओर संकेत कर रहा है?
(ख) खानपान में बदलाव के कौन से फ़ायदे हैं?
(ग) नीलकंठ का सुखमय जीवन करुण कथा में कैसे बदल गया?

**प्रश्न ८)अ) एक ऐसी कहानी लिखिए, जिससे यह सीख मिले कि 'हमें घमंड नहीं करना चाहिए।'**
**अथवा**
**आ)'शेर और चूहा' शीर्षक के आधार पर कहानी लिखिए।**

**प्रश्न ९) ' परीक्षा में आपको सर्वोत्तम अंक मिले हैं' - इस विषय पर डायरी लिखिए |**

SUB. TEACHER HOD CO- ORDINATOR PRINCIPAL